मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **06.03.2020**

★ राज्यवासियों को पवित्र त्यौहार होली की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं -- हेमन्त सोरेन

=========================

प्रेस विज्ञप्ति- 265/2020

06 मार्च 2020

नया विधानसभा भवन, रांची

=========================

पंचम विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के आज की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत आज नया झारखंड विधानसभा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

=========================

विधानसभा अध्यक्ष श्री रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, सभी मंत्री सहित सभी विधायकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

=========================

★ पवित्र त्यौहार होली सामाजिक समरसता का प्रतीक

- हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड की समस्त जनता सहित देशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पवित्र त्यौहार राज्यवासियों के जीवन में खुशियों का नया-नया रंग लेकर आए यही मैं ईश्वर से कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक यह त्यौहार अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश और समाज में पवित्र त्यौहार होली सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। होली के दिन लोग आपसी मतभेद भूलकर एक दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि होली के अवसर पर राज्यवासियों में आपसी भाईचारा, प्रेम-सौहार्द बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य की जनता से होली त्यौहार पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि झारखंड की समस्त जनता साथ मिलकर रंग रूप, गरीबी-अमीरी, जाति-धर्म से ऊपर उठकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करें, होली के अवसर पर हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज नया विधानसभा में आयोजित होली मिलन समारोह में कहीं।

मुख्यमंत्री ने जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, सभी मंत्री सहित सभी विधायकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्री सहित विधायकों ने ढ़ोलक और झाल बजाकर होली का गाना गाया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष सहित सभी मंत्री एवं विधायकों को जमकर अबीर-गुलाल लगाया और होली की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी।

==========================

#Team PRD(CMO)